# कार्यालय–जनपद न्यायाधीश, बस्ती।

खुली निविदा सूचना संख्याः 37........../ नजारत– दिनांकः बस्तीः 23 फरवरी, 2024.

{निविदा सूचना}

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बस्ती में कार्यरत 68 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन वर्दियों हेतु कपड़ा क्रय किया जाना है। क्रय किये जाने वाली वर्दियों का विवरण निम्नवत है–

| क्रम सं0 | शीतकालीन/ग्रीष्म कालीन प्रति व्यक्ति वर्दी का विवरण | लिंग | आपूर्ति की जाने वाली वर्दियों की प्रति व्यक्ति संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02– सफेद पैण्ट टेरीकाट कपड़ा<br>04– सफेद बुशर्ट पूरीबांह टेरीकाट कपड़ा | पुरूष | 60 | |
| | 01– नीला ऊनी कोट कपड़ा<br>01– ऊनी पैण्ट | | | |
| 02. | 02 अदद– सफेद सलवार सूट टेरीकाट कपड़ा | महिला | 04 | |
| | 01 अदद– नीला ऊनी कोट कपड़ा | | | |
| 03. | 02 अदद– सफेद साड़ी, ब्लाउज टेरीकाट व पेटीकोट सूती कपड़ा | महिला | 04 | |
| | 01 अदद– नीला ऊनी कोट कपड़ा | | | |

1. निविदा के लिये प्रतिभूति राशि मु0 **1,000.00** रूपये निर्धारित की गयी। प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. निविदा आवेदक फर्म जी.एस.टी. अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिये।
3. निविदा प्रपत्र पर संबंधित दस्तावेज मय सैम्पल, निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क के साथ कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19.03.24 तक नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बस्ती में प्राप्त कराया जा सकता है। उक्त निविदायें दिनांक **20.03.24** को **सायं 04.30** बजे, उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।
4. निविदा जिसके पक्ष में आवंटित की जायेगी, उसे उक्त सामान की आपूर्ति अपने हर्जे–खर्चे पर जनपद बस्ती में पहुंचाने का दायित्व होगा।
5. किसी विवाद की स्थित में न्यायिक क्षेत्राधिकार जनपद बस्ती रहेगा।
6. उपरोक्त वर्दी के क्रय होने पर उक्त सामग्री की मूल्य धनराशि नियमानुसार माल प्राप्त होने के उपरांत किया जायेगा।
7. इस सम्बन्ध में किसी का भी निविदा स्वीकृत करने, अस्वीकृत करने अथवा बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बस्ती को होगा। निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित को कार्य आदेश दिया जायेगा।

इस नोटिस/सूचना की छाया प्रतियॉ विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु प्रशासनिक भवन के नोटिस बोर्ड पर तथा जिलाधिकारी, बस्ती, पुलिस अधीक्षक, बस्ती, विकास भवन, बस्ती, तहसील सदर, बस्ती, जिला सूचनाधिकारी, बस्ती, प्रधान डाकघर, बस्ती, रेलवे स्टेशन रोडवेज आदि राजकीय कार्यालयों के नोटिस बोर्डो पर तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराई जाय तथा जनपद न्यायालय, बस्ती के वेबसाइट पर अपलोड करायी जाये।

23/2/24

**प्रभारी अधिकारी नजारत/**
**अति0 जिला एवं सत्र न्यायाधीश/**
**फास्ट ट्रैक कोर्ट, बस्ती।**

Officer - in Charge
Nazarat
Judge's Court
BASTI